न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, अजमेर

पृथ्वीराज बनाम वीरसिंह वगैरह
किस्म मुकदमा–223 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम
प्रकरण संख्या 379/2025 (नसीराबाद)

क्षेत्राधिकार में नहीं होने से खारिज
4/8/25

श्री सीताराम रावत

04.08.2025

पृथ्वीराज बनाम वीरसिंह वगैरह (2025/379)

यह अपील श्री सीताराम रावत एडवोकेट ने विद्वान उपखण्ड अधिकारी, नसीराबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 28.07.2025 के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 223 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत पेश की गई। अपील वाद जांच रिपोर्ट होकर पेश की गई। अपील दर्ज रजिस्टर की जावें। अपील के साथ प्रार्थना पत्र स्थगन पेश किया गया।

सर्वप्रथम अभिभाषक अपीलांट को अपील के क्षेत्राधिकार पर सुना गया। अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन हमने पाया कि ग्राम श्रीनगर के वर्किंग खसरा नम्बर 1317 रकबा 4–9–0 व 1323 रकबा 9–9–0 की आराजी अपीलांटस के पूर्वज द्वारा क्रयशुदा है। इसके साथ ही वर्किंग खसरा नम्बर 1323 मिन रकबा 4–6–0 जरिये इकरारनामा क्रय की गयी थी।

अपीलांटस द्वारा वर्किंग खसरा नम्बर 1323 मिन रकबा 4–6–0 का इकरारनामा पेश कर उक्त आराजी के हाल खसरा नम्बर 6052 व 6053 पर खातेदारी उदघोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा चाही है। वादीगण द्वारा प्रस्तुत इकरारनामा अंजीकृत है जिसे विक्रय पत्र नहीं माना जा सकता है। राजस्व न्यायालयों को अपंजीकृत इकरारनामें के आधार पर खातेदारी उदघोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का अनुतोष दिया जाना क्षेत्राधिकार से परे है। इसके अतिरिक्त राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प 5 (6) राज–6/92/11 जयपुर दिनांक 05.04.2006 के अनुसार जिन मामलों में विक्रय करने का अनुबंध हो चुका है, उन मामलों में विक्रय मानते हुए मामलें की सुनवाई हेतु नहीं लिया जावे। क्योंकि विक्रय पत्र नहीं है व इकरारनामें के संबंध में सुनवाई का क्षेत्राधिकार सिविल न्यायालय को है ना कि राजस्व न्यायालय को। अतः प्रकरण न्यायालय हाजा के क्षेत्राधिकार में नहीं होने के कारण अपील को खारिज किया जाता है। मूल आदेश एवं अपील की प्रमाणित प्रति को रिकार्ड हेतु रखा जावें। मूल अपील व निर्णय की प्रमाणित प्रति अभिभाषक अपीलांट को लौटाई जावें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

राजस्व अपील प्राधिकारी
अजमेर

Scanned with CamScanner

न्यायालय श्रीमान राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय, अजमेर (राज0)

—00—

अपील संख्या 379/2025

—00— 2025/379

पृथ्वीराज पुत्र भंवरलाल आयु 42 वर्ष जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद जिला अजमेर (राज.)

अपीलार्थी

बनाम

1. वीरसिह पुत्र पेमा जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद हाल निवासी ग्राम मुहामी तहसील व जिला अजमेंर
2. देवीसिंह पुत्र पेमा जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद हाल निवासी ग्राम मुहामी तहसील व जिला अजमेंर
3. प्रेमदेवी पत्नि पेमा जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद हाल निवासी ग्राम मुहामी तहसील व जिला अजमेंर
4. माया पुत्री पेमा पत्नि रतनसिंह जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद हाल निवासी ग्राम मुहामी तहसील व जिला अजमेंर
5. रूकमा पुत्री पेमा पत्नि जयसिंह जाति रावत निवासी ग्राम श्रीनगर तहसील नसीराबाद जिला अजमेंर
6. उपपंजीयन अधिकारी श्रीनगर कार्यालय उपतहसील श्रीनगर जिला अजमेंर
7. राजस्थान सरकार जरिऐ तहसीलदार महोदय, तहसील कार्यालय नसीरावाद जिला अजमेर

रेस्पाडेंट्सगण

8. संपत पुत्री भंवरलाल आयु 52 वर्ष
9. रामप्यारी पुत्री भंवरलाल आयु 48 वर्ष
10. छोटीदेवी पत्नि भंवरलाल आयु 70 वर्ष
11. भवानीशंकर पुत्र जोधसिंह आयु 24 वर्ष
12. दिनेश पुत्र जोधसिंह आयु 18 वर्ष

379/2025
5.8.25

राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

Scanned with CamScanner